आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. भारत सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ज्ञान भारतम् मिशन की शुरुआत की –कला संस्कृति विभाग ने लोगों से योगदान की अपील की है।
2. द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने शहीद द्वीप को सीधे ऑप्टिकल फाइबर केबल कनेक्टिविटी से जोड़ने की मांग की है।
3. पर्यटन विभाग की ओर से सत्रह अप्रैल से 'द्वीप खाद्य महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा।
4. द्वीपों की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के उद्‌देश्य से हेरिटेज वॉक– काला पानी ट्रेल का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ज्ञान भारतम् मिशन की शुरुआत की है। इस मिशन का उद्देश्य देश भर के शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में मौजूद पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है, ताकि उन्हें सुलभ बनाया जा सके। इसी क्रम में, द्वीप प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग ने भी युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ने के लिए केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय मिशन शुरू किया है। मिशन के तहत तीनों जिलों में पुरानी पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, मानचित्रों, पुरानी तस्वीरों की पहचान करना और उन्हें संरक्षित करना, ज्ञान भारतम् सर्वे ऐप पर ऐतिहासिक महत्व की सामग्रियों को अपलोड करना शामिल है। प्रशासन ने जनता, विद्वानों और संस्थानों से ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियां और अभिलेखीय सामग्रियां साझा करने की अपील की है। इसमें आम जनता ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों और सामग्रियों को साझा करके, व्यक्तियों या संगठनों के पास मौजूद सामग्रियों की जानकारी देकर और द्वीपों से संबंधित दुर्लभ अभिलेखों की पहचान और दस्तावेजीकरण में सहायता करके योगदान दे सकते हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सामग्री का मालिकाना हक मूल धारकों के पास ही रहेगा। योगदानकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति कला एवं संस्कृति विभाग संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से शहीद द्वीप को सीधे ऑप्टिकल फाइबर केबल कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए तत्काल कदम उठाने का

आग्रह किया है। सांसद ने कहा कि द्वीप पर इंटरनेट की खराब स्थिति के कारण स्थानीय और पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहीद द्वीप पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र है। खराब इंटरनेट के कारण पर्यटकों को डिजिटल भुगतान, बुकिंग और संचार में कठिनाई होती है। सांसद ने सरकार से शहीद द्वीप के लिए सीधी OFC लाइन बिछाए जाने, डिजिटल सेवाओं पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को विश्वसनीय बनाने और द्वीप की अर्थव्यवस्था और आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस परियोजना को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से गुप्तपाड़ा फिश लैंडिंग सेंटर में बेंगलुरु के गियर इंटरनेशनल इनोवेटिव स्कूल के छात्रों द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मछुआरों की पारंपरिक नौकाओं की मरम्मत की गई। 'डिस्कवर अंडमान हॉलिडेज प्राइवेट लिमिटेड' के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर जरूरतमंद मछुआरों की सहायता करना था। स्थानीय मछुआरों ने छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें पारंपरिक मछली पकड़ने के तरीकों पर जानकारी साझा की। इस अवसर पर पंचायत प्रधान दुर्लभ दास ने कहा कि ये नौकाएं मछुआरों की दैनिक गतिविधियों में सहायता प्रदान करेंगी।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से 'द्वीप खाद्य महोत्सव' सत्रह से उन्नीस अप्रैल तक प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम चार बजे से रात नौ बजे तक चलेगा। इस सिलसिले में खाद्य विक्रेताओं, राज्य संघों, स्वयं सहायता समूहों, होटल मालिकों, रेस्तरां मालिकों, खान–पान संस्थानों और गृहणियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन नौ अप्रैल शाम तीन बजे तक प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं। स्टॉल का आवंटन और आवंटन पत्र बारह अप्रैल को जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने इन्टेक–अंडमान और निकोबार चैप्टर के सहयोग से हेरिटेज वॉक–काला पानी ट्रेल का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना था। यह यात्रा मज़ार पहाड़ से शुरू होकर कई ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए बैटल ऑफ एबरडीन मेमोरियल पर आकर सम्पन्न हुई। इसमें छात्र, टूर ऑपरेटर्स, भारतीय नौसना और

शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभागियों को श्री विजय पुरम के विभिन्न स्थलों के इतिहास, वास्तुकला और कहानियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

<><><><><><>

विश्व होम्योपैथी दिवस के सिलसिले में डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर के होम्योपैथी शाखा की ओर से बालूडेरा समुद्री तट पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना और स्वच्छता एवं स्वच्छता बनाए रखने में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के तहत स्थानीय पंचायत और अस्पताल के कर्मचारियों ने समुद्र तट की सफाई की। पंचायती राज संस्थान के सदस्य ने पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखने में सामूहिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत चल रहे 100 दिवसीय अभियान के दौरान लॉन्ग आइलैंड, रंगत और बाराटांग में आयुष्मान आरोग्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य टीबी की जांच में तेजी लाना और जन जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में चेस्ट एक्स–रे, गैर–संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और बलगम के नमूने की जांच की गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। मध्योत्तर अंडमान जिला टीबी अधिकारी डॉ. क्रिस्टीना रॉसिटी ने इस 100 दिवसीय अभियान के महत्व और लक्ष्यों पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के क्षमता निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नेतृत्व कौशल बढ़ाना, लैंगिक जागरूकता को बढ़ावा देना और पंचायत शासन में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर फरारगंज की खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और नेतृत्व पुरस्कार वितरित किए। इससे पहले, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर साक्षी साहा ने समावेशी और प्रभावी जमीनी शासन के लिए महिला प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपसमूह में ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों एवं अभिलेखीय धरोहर की पहचान, दस्तावेजीकरण और डिजिटलीकरण हेतु केन्द्रशासित प्रदेश स्तर की पहल के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने आज डीब्रेट में आई डी ई बूटकैंप की शुरूआत होने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने सांसद द्वारा नागरिक उड्डन मंत्रालय से श्री विजयपुरम और मुख्यभूमि के बीच यात्रियों के सामान की सीता बढ़ाए जाने की मांग करने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है। इंफो इंडिया ने माइल तिलक और वंडूर में कृषि शिविर आयोजित करने, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने हरिनगर में ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं की जांच की मांग के समाचार को प्रमुखता दी है।

**<><><><><><><>**